हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 महिला सशक्तिकरण, आयुर्वेद चिकित्सा, साइबर क्राइम ...



12 कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा




## खबर संक्षेप

### कोड़ेबोड़ में मानसगान प्रतियोगिता 27 से

**अंवरी।** ग्राम कोड़ेबोड़ में रामायण आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 मार्च तक किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलिया भाग लेंगी। 27 मार्च को दीप प्रज्ज्वलन एवं शुभारम्भ एवं 4 बजे कलश यात्रा एवं 30 मार्च को समापन व पुरस्कार वितरण होगा।

### कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**पुरूर(धमतरी)।** युवा सुनता संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च को किया गया है। प्रवेश शुल्क 301 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 11001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये एवं ट्राफी प्रदान की जायेगी। मुख्य अतिथि प्रदीप रणसिंह होंगे। अध्यक्षता सरपंच तीरथ यादव करेंगे। विशेष अतिथि प्रमिला साहू, सुरेन्द्र तिवारी, पुरूषोत्तम सिन्हा, सूर्या चक्रधारी, भुखउराम फूटान, रमेशप्रसाद जोगी, रमेश नेताम, पीलूराम सूर्यवंशी, रूपराम नागवंशी, जितेन्द्र साहू, डॉ. गोपीचंद साहू, कुमारीबाई साहू, गौरव यादव होंगे।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने की खुदकुशी



**धमतरी।** मानसिक बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम माकरदोना निवासी धनसिंग ओटी पिता बिरझूराम उम्र 52 वर्ष बीते कुछ महीनों से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। अधेड़ ने सोमवार की रात्रि अपने घर के म्यांर में कपड़े की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई। केरेगांव पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल माकरदोना पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

### जोरातराई में हुई महापरीक्षा

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि में भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत महापरीक्षा का आयोजन किया गया। शत-प्रतिशत शिक्षार्थी ने परीक्षा दिलाई। केन्द्राध्यक्ष के रूप में अनुभव कुमार सोनबेर सहायक शिक्षक, चंद्रशेखर साहू, संगीता, सनत कुमार साहू, स्वयंसेवक दयानंद साहू, विनोद कुमार साहू, इंदू, मिथिलेश, शिवानी उपस्थित थे।

### कम बजट होने के कारण छोटे-छोटे कार्यों पर किया गया फोकस

# लक्ष्य से ज्यादा काम, फिर भी पिछले सालों की तुलना में कमजोर रहा मनरेगा

**एक नजर**

| वर्ष | मानव दिवस (लक्ष्य) |
|---|---|
| 2020-21 | 85 लाख |
| 2021-22 | 60.81 लाख |
| 2022-23 | 48.48 लाख |
| 2023-24 | 40.16 लाख |
| 2024-25 | 32.36 लाख |


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बजट में कटौती के कारण इस साल मनरेगा मजदूर नाखुश हैं। मजदूरों की डिमांड पर लक्ष्य से ज्यादा काम हो चुका है, फिर भी पिछले सालों की तुलना में मनरेगा में काम कम हुआ है। सिर्फ पीएम आवास जैसे छोटे-छोटे कार्यों पर फोकस किया गया। बड़े कार्य तो इस साल हुए ही नहीं। अधिकारियों ने बजट खत्म होते ही शासन को अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव भी भेजा था, लेकिन बजट में बढ़ोतरी नहीं की गई।

जिले में मनरेगा की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। इसका कारण साल दर साल बजट में कटौती है। इस योजना के तहत सालाना करीब 60 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया जाता था। वर्ष 2020-21 में तो भरपूर बजट दिया गया था। कोरोना संकट के बीच लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से 85 लाख मानव दिवस का बजट का लक्ष्य दिया गया था। इसके बाद से साल दर साल बजट में कटौती की जा रही है। इस साल तो मात्र 32 लाख 36 हजार मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है। मजदूरों की डिमांड को देखते हुए इस साल बजट से ज्यादा 36 लाख 58 हजार मानव दिवस काम कर लिया गया है। लक्ष्य से अतिरिक्त काम का भुगतान भी एक दो दिन के भीतर मिलने की उम्मीद है।

### आवास में ही 6 लाख मानव दिवस काम

इस साल छोटे-छोटे कार्यों पर फोकस किया गया। इस योजना के तहत जिले में 17 हजार आवास का निर्माण किया गया। आवास में ही करीब 6 लाख मानव दिवस काम किया गया। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी निर्माण, सालिड- लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी काम किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष की प्लानिंग में भी पीएम आवास को प्रमुखता से शामिल किया गया। करीब 2000 नए पीएम आवास की स्वीकृति की उम्मीद है। वहीं 31 आंगनबाड़ी भवन भी बनेंगे।

### पांच माह से वेतन नहीं

बजट की कमी का असर मनरेगा कर्मचारियों के वेतन पर भी पड़ रहा है। मनरेगा का पूरा स्टाफ संविदा पर है। इन कर्मचारियों को मनरेगा के बजट से ही वेतन मिलता है। जानकारी के अनुसार मनरेगा में होने वाले खर्च का 5 प्रतिशत कर्मचारियों के वेतन के फंड में जाता है। बजट में कमी के चलते कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों को सितंबर माह तक का वेतन दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि सत्र बीतने से पहले कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाएगा।

# पेड़ से टकराकर पिकअप सूखे नाले में गिरी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ श्यामतराई नाका के पास हुआ हादसा

रायपुर जाने के लिए निकली तेज रफ्तार पिकअप श्यामतराई नाका के पास पेड़ से टकराकर सूखे नाले में गिर गई। घटना में चालक घंटों पिकअप में फंसा रहा।

मिली जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक सीजी 05 एएल 0217 मंगलवार की सुबह श्यामतराई से नेशनल हाईवे होते रायपुर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान गति अधिक होने के कारण पिकअप ग्राम श्यामतराई नाका के पास सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर सूखे नाले में गिरकर पलट गई। घटना में चालक पिकअप की केबिन में बुरी तरह से फंस गया था। चालक किसी तरह केबिन का दरवाजा खोलकर सुरक्षित बाहर निकला। इस घटना में चालक या अन्य किसी को चोट नहीं आई है। घटना की सूचना पर थाने की पुलिस व यातायात पुलिस घटनास्थल पहुंची और नाले में गिरी पिकअप को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला।

### थ्रेड हाउस संचालक के पुत्र को साइबर ठगों ने 39 हजार का चूना लगाया

# परफ्यूम का डीलर बनाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक परफ्यूम व्यवसायी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। उसने ऑनलाइन परफ्यूम मंगाया था। जिस कंपनी से उसने डील की थी, उससे हुई बात को किसी दूसरे ने सुन लिया। कंपनी का हवाला देकर उसने परफ्यूम देने के नाम पर कई किस्तों में 39000 हजार रुपए की ठगी की है।

अपना थ्रेड हाउस के संचालक फिरोज खान परफ्यूम के व्यवसाय से भी जुड़े हुए हैं। उसका पुत्र अर्सलान खान एक कंपनी से परफ्यूम की डीलरशिप लेने की तैयारी कर रहा था। फिरोज ने बताया कि पहले भी अर्सलान इस कंपनी से परफ्यूम मंगा चुका है। इस बार वह ठगी का शिकार हो गया। उसने बताया कि कंपनी के कर्मचारी से डीलिंग के दौरान हुई मोबाइल पर बात को किसी ने दूसरे व्यक्ति ने सुन लिया। यही नहीं सभी डिटेल भी उसने प्राप्त कर लिया। इसके बाद कंपनी का हवाला देकर विभिन्न किस्तों में उसने दो तीन बैंक खातों में अर्सलान से 39000 हजार रुपए मंगा लिया, लेकिन कंपनी से परफ्यूम नहीं आया। अर्सलान ने कंपनी में बात की, अब तो कंपनी वाले भी फोन नहीं उठा रहे हैं। परेशान होकर उसने इसकी रिपोर्ट लिखाई है।

### ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज

साइबर ठगी के मामले में पुलिस ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करती है। इस मामले में भी अर्सलान ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले उसने मोबाइल से 1930 नंबर डायल किया। इसके बाद साइबर पुलिस का रिटर्न कॉल आया, जिसमें उसने अपने साथ हुई घटना की पूरी जानकारी दी और पुलिस को संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए। उन्होंने दूसरे दिन एफआईआर की हार्डकापी संबंधित थाने जाकर प्राप्त की।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# चाकू लहराते दो युवक हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ मुजगहन अण्डरब्रिज की घटना

ग्राम मुजगहन बाईपास अण्डरब्रिज के समीप चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे दो चाकूबाज को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

अर्जुनी पुलिस देहात भ्रमण के लिए निकली थी। इसी दौरान मुखबीर से ग्राम मुजगहन बाईपास अण्डरब्रिज के समीप दो युवकों द्वारा चाकू रख आने जाने वालों को डराने धमकाने की सूचना मिली। अर्जुनी पेट्रोलिंग तत्काल मौके पर पहुंची। यहां दो युवक धारदार चाकू लहराते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की। एक युवक ने अपना नाम सुनीलकुमार यादव पिता महेश उम्र 21 वर्ष निवासी महिमासागर वार्ड व दूसरे ने पूरनकुमार ध्रुव उर्फ सुनील पिता बैशाखूराम उम्र 21 वर्ष निवासी एकता हास्पिटल के सामने गुजराती कालोनी बताया। पुलिस ने आरोपियों से धारदार चाकू जप्त कर उनके खिलाफ धारा 25, 29 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जमीन पर पड़े मोटरपंप के वायर को हाथों से उठाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। घटना में युवक की मौत हो गई है।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार लोमश ऋषि विश्वकर्मा पिता नकुलराम उम्र 35 वर्ष ग्राम बरही थाना बालोद निवासी मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह युवक काम पर जाने की तैयारी कर रहा था। उसके साथी मजदूर नीरज सार्वा लोमश को बुलाने घर आया था। मोटरपंप का वायर घर के भीतर जमीन से होकर गया था। लोमश वायर को हाथ से ऊपर उठा रहा था तभी उसे करंट लग गया। मौके पर मौजूद नीरज ने किसी तरह करंट का प्रवाह बंद किया। युवक को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।






### 12 जिले के 300 युवाओं ने लिया था प्रशिक्षण


# मिलिट्री एकेडमी के 54 युवाओं का अग्निवीर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अग्निवीर, बीएसएफ, सशस्त्रबल, पुलिस जैसे पदों पर भर्ती के लिए शहर में संचालित मिलिट्री एकेडमी का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदेश के युवाओं के लिए सफलता का मंत्र दे रहा है। पिछले दिनों रायगढ़ में आर्मी इस्टेक्टर की तरफ से अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया जिसमें मिलिट्री एकेडमी के 54 युवाओं का अग्निवीर में चयन हुआ है। चयनित युवा 24 मार्च को सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित हुए।

शहर के इंडोर स्टेडियम में संचालित मिलिट्री एकेडमी के संचालक एवं सेवानिवृत्त सैनिक जीवनराम निषाद ने बताया कि साल 2018 में सेवानिवृत्त होने के बाद युवाओं को एसएससी जीडी, आबकारी आरक्षक, बस्तर फाइटर, एसआईएसएफ, आरपीएसएफ या किसी भी वर्दीधारी नौकरी के बेड़े में शामिल होकर राज्य एवं देश सेवा में बेहतर करियर बनाने युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सप्ताह मेडिकल टेस्ट भी लिया जाता है। भर्ती के लिए शारीरिक के साथ सभी प्रकार की जानकारी बारीकी से दी जाती है। 24 मार्च से नये बैच का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण लगातार दिसंबर माह तक चलेगा। परीक्षा के कारणजनवरी से प्रशिक्षण बंद रहता है।

### 6 साल में सैकड़ों युवाओं को मिली वर्दीधारी नौकरी



### अनेक जिले से युवा प्रशिक्षण के लिए पहुंचते हैं

शहर के इंडोर स्टेडियम में रोजाना सुबह 4 बजे से 9 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण लेने धमतरी जिले के अलावा बालोद, कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव, बस्तर, गरियाबंद, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, रायपुर, कोरिया के युवा पहुंचते हैं। 2024 में 12 जिले से 300 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम जारी हो गया है जिसमें एकेडमी के 54 युवाओं का चयन हुआ है। अग्निवीर में धमतरी के प्रशिक्षणार्थी भूपेन्द्र, योगेश्वर, हेमेन्द्र, संजय, मोहित, अविनाश, समीर, देशांत, लव पटेल, धनंजय, भगवानी, गौरव, राहुल, विकास, रूपेन्द्र का चयन हुआ। कांकेर से सौरभ, दुर्गेश, कुशल, अर्जुन, नितिन, हरिशंकर, विनय, पुष्कर, दंतेवाड़ा से आनंद, संतुराम, उमेश, नारायणपुर से सगाराम, देवनाथ, कोरबा से जितेश, बालोद से उमेन्द्र, युगलकिशोर, धर्मेन्द्र, संदीप, अनुज, विनय, द्रोण, गौरव, रायपुर से अमन, सूरज, गरियाबंद से प्रमोद, दुर्ग से तेजप्रकाश, योगेश गजेन्द्र, गोपी, कोरिया से मनीष, अभिषेक, राजनांदगांव से हरिओम, कोंडागांव से अनिल, बस्तर से ललित का चयन हुआ है।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम नवयुवक परिषद के अशोक अध्यक्ष बने





**नगरी।** श्रीराम नवयुवक परिषद नगरी के नए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष भरत साहू, महासचिव नरेश छेदैहा चुने गए। कार्यकारिणी का विस्तार शीघ्र ही जाएगा। ज्ञात हो कि श्रीराम नवयुवक परिषद नगरी नगर की चौदह रामायण मण्डलियों का विशाल संगठन है जिसका नगर की कौमी एकता और भाईचारे की भावना में बड़ा योगदान है। नये पदाधिकारियों के गठन के दौरान संरक्षक हेमलाल सेन, हृदय नाग, गजेन्द्र कंचन, बृजलाल सार्वा, सुरेश साहू समेत मण्डलियों के अध्यक्षगण शंकर देव, उधोलाल साहू, राकेश पटेल , सुरेश चनाप, ललित पटेल, योगेश साहू खेदुराम यादव, नरेंद्र श्रीमाली, पंकज सिन्हा, भोजराज पटेल, रोहित नाग, हरिश यादव, अश्विनी यादव उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने कामकाज संभाला

**मगरलोड।** शपथ ग्रहण के बाद जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने सोमवार से अपने कक्ष में बैठकर कामकाज प्रारंभ किया। पहले दिन जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू से ब्लॉक मेट संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया एवं संघ के विकास पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक मेट संघ संरक्षक मनोहर साहू, अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष रेखा साहू, जिला सलाहकार थानूराम कश्यप, जिला सहसचिव बुधराम साहू, क्लस्टर सह चिव लोमश राम, चिरौंजी साहू शामिल रहे।

### भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु को किया नमन

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में संचालित प्रेरणा युवा संगठन द्वारा शहीद दिवस पर एवं संगठन की वर्षगांठ के मौके पर देश के गौरव भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को स्मरण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू शामिल हुए। संगठन ने उनका स्वागत किया। शहीदों को नमन करने सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू, गौतम नागरची, महेंद्र कुमार साहू, पंच भागीरथी साहू, प्रेरणा युवा संगठन के अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष ओंकार साहू, सचिव देवकुमार निषाद, सहसचिव मुकुंद सेन, कोषाध्यक्ष श्यामलाल साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### बुद्धा बाई यादव

**सिर्री।** ग्राम भैंसमुण्डी (कुरूद) निवासी बुद्धा बाई यादव 92 वर्ष का निधन 24 मार्च को हो गया। वे हीरालाल यादव, जानसिंग यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुरूद, भुनू राम यादव की मां व ओमप्रकाश यादव सरपंच, गांधीराम यादव पंच की दादी थी। उनके अंतिम संस्कार में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, कमलेश राव ठोकने वरिष्ठ भाजपा नेता, डॉ लोकेश कुमार साहू पूर्व जनपद सदस्य, पुरूषोत्तम सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य, थानूराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, डीलन चन्द्राकार सरपंच दहदहा, डॉ रोशन साहू पूर्व जनपद सदस्य, फलेन्द्र सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य, महिम शुक्ला, त्रिलोकचंद साहू पूर्व सरपंच, लखनलाल साहू समेत अनेक सामाजिकजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना

धमतरी मो. 9174466336

## समाज में राजनीति का कोई स्थान नहीं, हम सब एक हैं : मालक राम

# कर्मा जयंती पर निकली कलशयात्रा जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। नगर साहू समाज द्वारा शोभायात्रा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शोभायात्रा चंडी मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए साहू भवन पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रम हुआ। शोभायात्रा में समाज की सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। इससे पहले साहू समाज के युवाओं ने नगर में बाइक रैली निकालकर नगर भ्रमण किया।

मंगलवार को साहू भवन में आयोजित संत माता कर्मा सम्मान समारोह में नगर पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं पार प्रमुखों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा की आरती हुई। तत्पश्चात बाल पंडवानी कलाकार आराध्या साहू की मनमोहक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मालक राम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ छग, राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुरुद, शारदा साहू पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, देवव्रत साहू नपं उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष तहसील युवा प्रकोष्ठ, रमेशर साहू संरक्षक, मनीष साहू पार्षद एवं सलाहकार नगर साहू समाज, उत्तम साहू पार्षद एवं सचिव नगर साहू समाज, डुमेश साहू पार्षद एवं अध्यक्ष नगर युवा प्रकोष्ठ, मंजु प्रमोद साहू पार्षद अतिथि के रूप शामिल हुए। रामप्यारे साहू ने स्वागत भाषण देते हुए समाज की उपलब्धि पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में टिकेश साहू प्रदेश संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ, रामप्यारे साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज कुरूद, कृष्णकांत साहू उपाध्यक्ष नगर साहू समाज कुरुद, रजनी साहू, बिसौहाराम साहू, अशोक साहू, तुलसी साहू, श्रवण साहू, तुकेश साहू, हितेश, मिथिलेश, धरम, टेमन, डायमंड, शिव, साहू, गणेश, सोनू, हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### कर्मा माता के नाम डाक टिकट जारी होने पर हर्ष

मालकराम साहू ने माता कर्मा के डाक टिकट जारी होने पर सामाजिक जनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज में राजनीति का कोई स्थान नहीं हम सब समाज के मंच पर एक हैं। राधेश्याम साहू ने कहा कि एकता में ही शक्ति होती है। समाज के आगे बढ़ने से ही देश आगे बढ़ता है। हम सब जितना संगठित होकर रहेंगे, समाज उतना ही सशक्त एवं मजबूत बनेगा। प्रमोद साहू ने कहा कि माता की जीवनी संघर्षमय है जिससे हमें प्रेरणा मिलती है। देवव्रत साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का प्रेरणादायी जीवन सदैव दयालुता, सेवा और परोपकार की राह प्रकाशित करता है। उनकी जयंती पर हम सब माता कर्मा के त्याग, तपस्या और बलिदान को आत्मसात कर मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करें। मनीष साहू ने कहा कि समाज हर एक व्यक्ति के योगदान से आगे बढ़ता है। कर्म से आपकी पहचान होती है और वही कर्म आपको और समाज को ऊंचाईयों पर लेकर जाता है। समारोह को शारदा साहू, डुमेश साहू ने भी संबोधित किया। मंच संचालन धर्मेन्द्र साहू एवं आभार प्रदर्शन उत्तम साहू ने किया।

### फूल बरसाकर किया शोभायात्रा का स्वागत

शोभायात्रा का सरोजनी चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, पार्षद मिथिलेश बैस, रवि मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, महेंद्र गायकवाड़, सीतेश सिन्हा ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इसी तरह पुराना बाजार चौक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सभापति तारिणी चंद्राकर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रहलाद चंद्राकर ने फूलों से स्वागत किया।

## संगठन ही समाज की मुख्य पहचान है : कन्हैया लाल



■ कोसरिया मरार पटेल समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज की बैठक ग्राम सिहावा के सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां शाकंभरी के छायाचित्र की विधिवत पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात समाज की गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल ने कहा कि समाज में जागरूकता लाने का प्रयास स्वाजातीय बंधु अपने अपने स्तर पर करें। समाज में अच्छे कार्य करें जिससे समाज का मान सम्मान बढ़े और इस अच्छी सोच, पहल और कार्य को हमारी आने वाली पीढ़ी ग्रहण करें। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा कर समाज के उत्थान और विकास करने की बात कही।

बैठक में लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, डामेश्वर पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, सहसचिव राकेश पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाशरण पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सचिव युवराज पटेल, सहसचिव कमल पटेल, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, सिहावा राज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कामिनी पटेल, कुंजलाल पटेल न्याय पंच मारागांव, बेदन पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल सांकरा क्षेत्र, शिवनाथ पटेल फरसिया क्षेत्र, संतोष पटेल सिहावा क्षेत्र, दिलीप पटेल बेलरगांव क्षेत्र, मानिक पटेल घठुला क्षेत्र, सुनाराम पटेल, हरिनाथ पटेल,गोविंदपुर क्षेत्र, बृजलाल पटेल मारागांव क्षेत्र, धनेश्वर पटेल घुटकेल क्षेत्र, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सांकरा क्षेत्र खिलावन पटेल, प्रभाकर पटेल सिहावा क्षेत्र, रमाबाई पटेल, सरस्वती पटेल, अनीता पटेल, रोहिणी पटेल, कुन्ती पटेल, सरोज पटेल, मीना पटेल, उना बाई पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ढेठा में सजी कवियों की महफिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम ढेठा के कबीर आश्रम में 24 अप्रैल को संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी हुई जिसमें कवियों का काव्यपाठ और साहित्यिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर आश्रम के संत बलवंत साहेब, रतन साहेब, भोज साहेब और आयोजक परिवार गुरुप्रसाद साहू, राजकुमार साहू शिक्षक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न समसामयिक घटनाओं को लेकर चिंतन परक रचनाओं का पाठ किया जिसे श्रोताओं ने बखूबी सराहा। प्रमुख कवि के रूप में सौहेंद्र सिंग गुरूदत्ता, मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, मोहनलाल घिवरिया सिर्री, सूर्यलाल साहू ढेठा, मोहन कंसारी नारी, बृजलाल दावना, तातुराम भैंसबोड़, प्यारेलाल, लीलाराम सिन्हा मरौद, राजू छत्तीसगढ़िया गातापार, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी, एस कुमार साहू सिवनी कला ने रचनापाठ किया। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर साहू शिक्षक बकली ने किया। गुरुप्रसाद साहू, शिक्षक राजकुमार साहू ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीफल भेंटकर कवियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संतोष साहू, रामलाल साहू, भोजकुमार साहू, नरेश, मोहन, ईश्वर ध्रुव, मनोज साहू, कोमल सेन, श्यामलाल, कली राम, नंदकुमार, हेमबती साहू, संगीता साहू, कौशिल्या, उषा, लकेश्वरी, पूजा, इंदबती सहित अनेक श्रोताजन मौजूद थे।

## साहू समाज ने मनाई मां कर्मा की 1009वीं जयंती

■ समाजजनों ने माता कर्मा के जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

ग्रामीण साहू समाज सांकरा द्वारा मां भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती परिक्षेत्रीय साहू सदन सांकरा में मनाई गई। भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आरती की गई तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जिसमें माताएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर कतारबद्ध चलती रहीं। समाजजन मां कर्मा का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा गांव के चौक-चौराहों से होते हुए पुनः परिक्षेत्रीय साहू समाज भवन में पहुंची। हेमलता साहू ने मां कर्मा के जीवन चरित्र को बताया। राधेश्याम साहू ने मां कर्मा के गीत गाए।

इस अवसर पर साहू समाज सांकरा अध्यक्ष झाड़ूराम साहू, उपाध्यक्ष देवलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य अरुण सार्वा, सरपंच नागेंद्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष जीवनलाल साहू, उपाध्यक्ष फूलचंद साहू, टीकाराम साहू, दिनेश साहू, साधुराम साहू, पवन साहू, पतिराम साहू, रामसिंग साहू, अजबसिंह, साहनू राम साहू, प्रदीप साहू, ग्रामीण साहू समाज महिला अध्यक्ष इंदुमती साहू, साजन साहू, डिगेश्वरी साहू, शकुन साहू, सूरजा साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## पोषण वाटिका के संचालन के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

### विकासखंड गुरूर के 67 मिडिल स्कूल के विज्ञान शिक्षकों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

विकासखंड स्तरीय यूथ इको क्लब प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केन्द्र गुरूर में आयोजित किया गया। शिक्षकों को अपने विद्यालय में बेहतरीन पोषण वाटिका का संचालन और स्वच्छ विद्यालय बनाने की दिशा में कार्य करने प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का शुभारंभ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चंद्रभानसिंह निर्मलकर मास्टर ट्रेनर अजय वर्मा, रेवाराम साहू, राजेश साहू ने किया। श्रीमती नम्रता वारदे एवं श्रीमती गंजीर ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री निर्मलकर ने यूथ एवं इको क्लब प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर रेवाराम साहू ने आज के युवा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता कैसे दिखाएं एवं प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग कैसे करें, इस पर चर्चा की। मास्टर ट्रेनर अजय वर्मा ने प्लास्टिक का वर्तमान जीवन पर दुष्प्रभाव कैसे पड़ रहा है, इसके बारे बताया। द्वितीय दिवस में श्री वर्मा ने बाल कैबिनेट के गठन और इको क्लब की कार्य प्रणालियों के बारे में समझाया। पर्यावरण एवं जागरूकता की ओर बच्चों को प्रेरित करने के सुझाव दिए। प्रधानमंत्री पोषण योजना निर्माण में सहायक होने वाली पोषण वाटिका के महत्व, लाभ एवं उसकी उपयोगिता के बारे में चर्चा की। पौधों के लिए कृषि वानिकी विभाग द्वारा तैयार किये गये मेप डिजाइन के बारे में भी बताया। कितने फीट की दूरी में कौन से पौधे लगाएं तथा जैविक खाद कैसे तैयार करें, इसकी जानकारी दी।

## संयुक्त शिक्षक संघ के हिन्दू नववर्ष के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मगरलोड के हिन्दू नववर्ष वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन जनपद पंचायत मगरलोड के सभागार में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू, विशेष अतिथि जनपद सदस्य राजेश साहू, विधायक प्रतिनिधि होरी लाल साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष ममता खालसा, प्रांतीय सह सचिव हरीश सिन्हा, जिलाध्यक्ष अमित महोबे, जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, जिला सचिव शेषनारायण गजेन्द्र, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनीता यादव, जिला उपाध्यक्ष आलोक मत्स्यपाल, जयंत साहू, आईटी सेल प्रभारी दीपक सहारे, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गौरी गुप्ता, जिला सलाहकार आत्माराम साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य रश्मि निर्वाण, धनेश्वरी साहू, ईश्वर राम साहू, प्रविन्द्र कुमार साहू के हाथों हुआ।

आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, सचिव उदयभान पाल, कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, दिलीप कोठारी, ब्लॉक महामंत्री अवधराम साहू, सहसचिव गजेन्द्र साहू, दुष्यंत साहू, संगठन मंत्री गुलापराम साहू, शेखन साहू, प्रचार मंत्री गेंदराम धीवर, ब्लॉक प्रवक्ता महेश साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, दिनेश कुमार गायकवाड़, कार्यकारिणी सदस्य रीमन सिंह दीवान, दिनेश कुमार साहू, भोजपाल साहू, लवेश गुप्ता, ताम्रध्वज साहू, सुरेश साहू, विकास कुमार कंवर, भामेश्वरी साहू, कामना केरकेट्टा का योगदान रहा।

## राजपुर में क्लबफुट बच्ची को मिला चिरायु योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व चिरायु योजना में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, मोतियाबिंद, कटे फटे होट, टेढ़े मेढ़े हाथ-पैर समेत 44 की गंभीर बीमारियों के इलाज का पूरा खर्च शासन द्वारा उठाया जाता है। इसमें स्वास्थ्य विभाग का चिरायु दल बच्चों बच्चों की स्क्रीनिंग कर शासन को रिपोर्ट भेजता है, जिसके आधार पर बच्चों के इलाज के लिए फंड जारी होता है। ऐसे बच्चे का इलाज निःशुल्क किया जाता है। ग्राम राजपुर में जितेन्द्र-सुलोचना नेताम के यहां क्लबफुट बच्ची का जन्म हुआ। यह एक जन्मजात स्थिति है । इसमें बच्चे का पैर अंदर की ओर और नीचे की ओर मुड़ा होता है, जिसे टैलिप्स इक्विनोवरस भी कहा जाता है। इसका इलाज जिला अस्पताल में निःशुल्क हुआ है। यह जानकारी ग्रमीण स्वास्थ्य संयोजक तरुण कुमार साहू ने दी है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, आंवरी-97535-25273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### पार्षद संतोष बने नपं चारामा के नेता प्रतिपक्ष

**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश जैन द्वारा नगर पंचायत चारामा में लोक मान्य तिलक वार्ड क्रमांक 8 के नवनिर्वाचित युवा पार्षद संतोष ओझा को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा मंडल चारामा के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने नगर पंचायत चारामा के पार्षद संतोष ओझा को नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

### अज्ञात कारणों से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी नरहरपुर में ईलाज के लिए ले गए उत्तर प्रदेश कानपुर के ग्राम शिवपुरी निवासी 30 वर्षीय श्यामू कुमार की 23 मार्च को मौत हो गई। मध्यप्रदेश के जिला सीधी के राम अवतार ने पुलिस को बताया कि मृतक रात को बिना खाना खाए सो गया था। सुबह काम पर जाने के लिए उसे उठाया गया, तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जिसके बाद उसे ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया।

### युवक की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नाथियानवागांव निवासी 23 वर्षीय साहिल मंडावी की मौत 17 फरवरी को हुई। थाना धमतरी से बिना नंबरी मर्ग डायरी कांकेर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम मुंगवाल निवासी 21 वर्षीय संतलाल सलाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए धमतरी के अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 6 नवंबर को मौत हो गया। कोतवाली धमतरी में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कोरर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर जनदर्शन में आमजन ने सड़क व पानी की रखी मांग

**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आमजनों ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल-मोबाइल टावर की समस्या, वृद्धजन-सामाजिक पेंशन के प्रकरण, पेनकार्ड बनवाने के साथ खाता खोलकर शिक्षा ऋण दिलाने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मांग, पेंशन की लंबित राशि दिलाने से सम्बंधित मांगों के लिए कलेक्टर हरिस एस के को आवेदन दिया। कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### रंगमंच दिवस पर नाटक की प्रस्तुति होगी 27 को

**जगदलपुर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभियान 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस पर नाटक खुल्लम खुल्ला की प्रस्तुति मैत्रीसंघ रंगमंच में रात 8 बजे करेगा। अख्तर अली की रचना पर आधारित इस नाटक के निर्देशक हेमंत सिंह है। अभियान के अध्यक्ष कैलाश चौहान ने बताया कि निशुल्क आयोजन में नाटक का आनंद लेने और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उत्साहवर्धन करने अधिक से अधिक लोग आएं।

### बनसागर में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में मनाई कर्मा जयंती

**बनसागर।** विकास खंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती मनाना एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो साहू समाज की संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करता है। कर्मा जयंती साहू समाज के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो कर्मा देवी की पूजा और आराधना के लिए मनाया जाता है। आयोजन में साहू समाज के लोग विभिन्न अनुष्ठानों और पूजाओं में भाग लिया, जिसमें कर्मा देवी की पूजा साहू समाज के लोग कर्मा देवी की पूजा करते हैं और उन्हें फूल, पत्तियां और अन्य चीजें अर्पित करते हैं। नृत्य और संगीत आयोजन में नृत्य और संगीत का आयोजन किया जाता है, जिसमें साहू समाज के लोग भाग लेते हैं। सामाजिक एकता आयोजन में साहू समाज के लोग एकत्रित होते हैं और सामाजिक एकता की भावना को बढ़ावा देते हैं।

---

सिवनीकला में रासेयो का सात दिवसीय शिविर लगा

# महिला सशक्तिकरण, आयुर्वेद चिकित्सा साइबर क्राइम की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का का आयोजन 18 से 24 मार्च तक किया गया। यह शिविर आईटीआई कुरूद के प्राचार्य योगेश देवांगन के मार्गदर्शन में लगा। कार्यक्रम अधिकारी चमनलाल पाल ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारियां और सेवाएं प्राप्त हुईं।



प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से होती थी जिसके बाद योग सत्र का आयोजन होता था। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर के दौरान दो दिन स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। बौद्धिक परिचर्चा अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा फसल चक्र, महिला सशक्तिकरण, आयुर्वेदिक चिकित्सा, साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पशुओं के टीकाकरण एवं दवा पिलाने में भी स्वयंसेवकों ने योगदान दिया। शिविर के छठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर देशभक्ति से प्रेरित गीत-संगीत एवं नशामुक्ति पर प्रेरणादायक नाटक का मंचन किया गया। नशामुक्ति केंद्र से आए विशेषज्ञों ने व्यसन से बचाव के उपायों पर जानकारी दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव थीं। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य टेकराम साहू, ग्राम प्रमुख दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, पूर्व जनपद सभापति सुशील साहू, उपसरपंच दीपदान साहू, कपिल पटेल सुरेश कुमार साहू पंच, लोमस साहू पंच, द्वारिका साहू, दिलीप कुमार साहू निर्मल पाल, पुरषोत्तम पटेल, रेणुका कुर्रे, सभी पंच सहित ग्रामवासी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस शिविर के सफल आयोजन में सुश्री प्रीति साहू, श्री धनेंद्र साहू एवं श्री नेमेंद्र पौरिया का विशेष सहयोग रहा। समापन दिवस पर ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने आईटीआई कुरूद के अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को उपहार एवं सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## उपाध्यक्ष, सहसचिव ने पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज की बैठक ग्राम सिहावा के समाजिक भवन में हुई जिसमें 36 गांव के पटेल समाज के वरिष्ठ जन, नौ परिक्षेत्र के ग्रामीण अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शामिल हुए। तत्पश्चात कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज के नवनियुक्त उपाध्यक्ष राजू पटेल, सहसचिव कमल पटेल को पदभार ग्रहण करवाया गया। मौके पर कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज राजासाहब लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, कार्यकारिणी सदस्य बेदन पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज सियाशरण पटेल, पूर्व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा प्रभाकर पटेल, संतोष पटेल उपस्थित थे।

## खम्हरिया में मां कर्मा की हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

ग्राम खम्हरिया में मां कर्मा की 1009वीं जयंती ग्रामीण साहू के सामाजिक भवन में मनाई गई। मां कर्मा की पूजा-अर्चना की गई। मां कर्मा की जीवनी को बताया गया। इस दौरान समाज के प्रमुख लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण साहू सामाज अध्यक्ष निर्मल साहू, गोर्वधन, प्रदीप, पीयूष, ज्ञानेश्वर, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बलदेव, भुनेश्वर सहदेव, विमल, कालूराम, देवलाल, परमानंद, भुनेश्वर, मनोहर, शंभु, उमेन्द्र, भगवान, कमलेश, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनसाय, हरिवंश, लीला, विनय, कुलदीप, विवेक, पुनाराम एवं

## लोगों ने नहीं पटाया टैक्स, निगम ने हितग्राहियों का काटा नल कनेक्शन

- मार्च इंडिंग के पूर्व निगम प्रशासन हुआ सख्त, बकायादारों की लिस्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व नगर पालिक निगम प्रशासन टैक्स वसूली को लेकर सख्त हो गया है। टीम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए टीम डोर टू डोर दस्तक देकर टैक्स की वसूली कर रही है। शहर के सभी वार्डों के लिए अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। स्पॉट पर जाकर टीम हितग्राहियों से टैक्स की वसूली कर रही है। वसूली देने में टालमटोल करने वालों का सीधा नल कनेक्शन काटा जा रहा है।

टीम प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि आयुक्त प्रिया गोयल के आदेश पर उपायुक्त पीसी सार्वा के



निर्देशन में वार्डों का भ्रमण कर टीम टैक्स की वसूली कर रही है।

मंगलवार को टीम ने ब्राम्हणपारा वार्ड में पांच हितग्राहियों का नल कनेक्शन काटा। ये हितग्राही कई महीने से टैक्स नहीं पटाए थे। घर में दस्तक देने के बाद भी टैक्स जमा नहीं किया। टीम के सदस्य छबि प्रजापति, बंशी दीप, कुश नायक एवं जल विभाग के अन्य कर्मचारियों ने नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। श्री खान ने बताया कि पूरे वार्डों में बकाया टैक्स की वसूली तेज हो गई है। बकायादारों की लिस्ट तैयार है। टैक्स नहीं पटाने वालों की निगम द्वारा देय सुविधाएं बंद की जा रही है। इसी तरह दुकानदारों का बकाया राशि वसूलने अभियान तेज है। पिछले समय 37 दुकानदारों को नोटिस दिया गया था, जिसमें 8 ने किराया जमा किया है। बाकी पर सील लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

## सिर्री में हुई साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिर्री के मिडिल स्कूल में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन महापरीक्षा का आयोजन किया गया। कुल 10 लोगों ने परीक्षा दिलाई। 8 महिला एवं 2 पुरुष शामिल रहे। केंद्राध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार साहू थे। पर्यवेक्षक के रूप में पुष्पा कुर्रे एवं अनीता साहू के अलावा ग्राम प्रभारी शिक्षक गिरवरलाल साहू रहे। संकुल समन्वयक रामनिहोरा साहू द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन प्रभारी पुष्पा कुर्रे ने परीक्षा का मूल्यांकन किया। उल्लास कार्यक्रम के तहत परीक्षा दिलाने सिर्री से दिलेश्वरी तारक, सावित्री तारक, अनुसुइया साहू, गौरी पटेल, पवन तारक, गंगा तारक, ललिता तारक, लक्ष्मी पटेल, सियाराम पटेल, श्यामबाई पटेल शामिल हुए।

## दिवंगत सहायक शिक्षक के परिजनों को संवेदना राशि भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के पदाधिकारियों ने दिवंगत सहायक शिक्षक स्व. भागीरथी ध्रुव के घर पहुंच कर उनके परिवार के प्रति संवेदना अर्पित की। गजानंद सोन सचिव, कमलेश चन्द्राकार सहसचिव, अनिल साहू एवं टिकेश्वर साहू अंकेक्षक ,टीकाराम कुंजाम ने बताया कि संगठन के द्वारा विगत कई वर्षों से दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवार को संवेदना पुष्प राशि प्रदान की जाती है। इसी क्रम में स्व. भागीरथी ध्रुव के निज निवास स्थान आमगांव बेलरगांव पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी सुनो बाई, उनके दोनों पुत्रों हरीश, कुमार व उनी बहनोई को शाल, श्रीफल एवं संवेदना पुष्प राशि के रूप में 70000 का चेक दिया गया। इस अवसर पर ममता प्रजापति, छनीता साहू



शशिकला बैरागी, एसबी मिर्जा अध्यक्ष, प्रकाश चंद साहू उपाध्यक्ष, गजानंद सोन सचिव ने कहा कि संगठन हर संभव उचित सामाजिक व आर्थिक सहयोग के लिए सदैव तैयार रहता है।

इस अवसर पर लक्ष्मी दास मानिकपुरी, हेमंत कुमार साहू, लता गंजीर, जया साहू, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार साहू, भारत राम मालिया, खिलावन चतुर्वेदी ने उनके पुत्र हरीश को अनुकंपा नियुक्त प्रदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेज संबंधी, अवकाश नगदी करण, सेवा पुस्तिका सत्यापन,चिकित्सा बिल भुगतान संबंधी बातों पर चर्चा की। सहयोग राशि एकत्रित करने में कोषाध्यक्ष चम्पेश्वर साहू, बसंत कुमार साहू, कृष्णकुमार साहू, खेमचंद पाटले, पेकेश्वर साहू, रूपेंद्र साहू,दीपक साहू, झुमुकलाल नायक, गजेन्द्र साहू, हरीश निर्मलकर, तोपेन्द्र साहू, सुजीत देवांगन, गोविंद निषाद, बिरन नेताम, नवदीप सलाम, कृष्ण कुमार मंडावी, दीनदयाल साहू, जितेन्द्र वीर कश्यप, लेकेश साहू व अनेक प्रधानपाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ।

### नारी सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला

**धमतरी।** जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ सिलीडीह में हुई। इसमें जिला के पांचों ब्लॉक धमतरी, नगरी, मगरलोड, भखारा, कुरूद की 200 महिलाओं ने भाग लिया। प्रांतीय नारी जागरण प्रमुख डॉ. कुंती साहू ने बताया कि नारी राष्ट्र की शक्ति है। कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक किए जाते हैं। शांत साहू ने महिला मंडल को संगठित करने के टिप्स दिए।

## बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा





- साहू समाज ने धूमधाम से मनाई भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी में साहू समाज द्वारा इस वर्ष भी भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। समाजजनों ने बुद्धदेव पारा में एकत्रित होकर भक्त कर्मा माता की पूजा की। उसके बाद वहां से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में युवतियों व महिलाएं सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली। पीले वस्त्रों में महिलाएं दिखाई दीं। शोभा यात्रा साहू सदन, गौरव पथ, बरगद चौक, बजरंग चौक समेत अनेक मार्गों का भ्रमण किया। तहसील साहू समाज भवन पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्विनी निषाद, शंकर देव, अलका किरण साव, असकरण पटेल,चेलेश्वरी साहू, डीगेश्वरी साहू, राजा पवार, विनीत कोठारी, हरीश साहू, मिक्की गुप्ता, सरपंच नर्सिंग मरकाम व समस्त पार्षदों ने नगर पंचायत के सामने भक्ति माता कर्मा की पूजा अर्चना कर फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा के पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। साहू सदन में कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीपरछेड़ी में जयकारे के साथ निकली कलशयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पीपरछेड़ी में साहू समाज द्वारा मां कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में साहू समाज के अलावा अन्य समाज के व्यक्तियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

माता के जयकारे के साथ गांव में कलशयात्रा निकली। यह जानकारी अध्यक्ष भूपत साहू एवं उपाध्यक्ष हेमलाल साहू ने दी है।

### कोर्रा में कर्मा जयंती पर हुए विविध आयोजन, महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

# वह समाज विकसित है जिसने समय अनुरूप परिवर्तन को स्वीकारा : चोवाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोर्रा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा मंगलवार को मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई। सुबह से ही परिक्षेत्र साहू समाज भवन परिसर में भक्तों की भीड़ रही। साहू समाज के लोगों ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना में भाग लिया। पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस को पूरे ग्राम में घुमाया गया जहां सभी लोगों ने दर्शन लाभ लिया। यात्रा का समापन साहू भवन में किया गया जहां महाआरती की





गई। महाआरती के बाद लोगों को प्रसाद में खिचड़ी, खीर पूड़ी का वितरण किया गया। शाम को संगी संगवारी फाग मंडली द्वारा फाग गीत झांकी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपसरपंच चोवाराम साहू ने कहा कि रूढ़िवाद प्रत्येक समाज के लिए एक अभिशाप है। वही समाज आज विकसित है जिसने समय अनुरूप परिवर्तन को स्वीकारा है और प्रगतिपथ पर आगे बढ़ा है। आगे कहा कि समाज में एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि हम गरीब तबके के व्यक्ति की आर्थिक मदद कर उसे उच्च शिखर तक पहुचाएं। वह समाज के लिए गौरव की बात होगी।

भाजपा नेता भीम देव साहू साहू ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने में साहू समाज से भी अनेक विभूति हुए हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि हमें शासन की योजनाओ का लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलमणि साहू अध्यक्ष कोर्रा परिक्षेत्र साहू समाज थे। अध्यक्षता यमुना कामड़े सरपंच कोर्रा ने की। विशिष्ट अतिथि भीमदेव साहू पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष जिला धमतरी, चोवाराम साहू उपसरपंच कोर्रा, आशीष कुमार साहू पूर्व उपसरपंच, अशोक कुमार साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, तरूण कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कोर्रा, टुकेश्वर साहू, डोमार साहू, टिकेश्वर साहू, सीताराम साहू, डॉ. संजय साहू, भुवन लाल साहू, दिलीप साहू, केशव साहू पंच, जोहत राम साहू, रामायणी, अनिता साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा, हेमलता साहू तहसील कार्यकारिणी सदस्य महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती चमेली साह पूर्व महिला उपाध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कोर्रा थे। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, सचिव गिरधर साहू, समाज सेवक पवन साहू का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### साय सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हुए : प्रकाश



**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री एवं जनपद सदस्य प्रकाश पवार ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भाजपा के जो लोग शराबबंदी के लिए छाती पीटते थे, आंदोलन करते थे, आज वे लोग शराबबंदी पर बोलने को तैयार नहीं, उल्टा प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोल रहे हैं। प्रदेश लगातार अपराध का गढ़ बनता जा रहा हैं। मर्डर और चाकूबाजी आम बात हो गई है और भाजपा सरकार नई शराब दुकान खोलने में मस्त हैं। यही भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा है। युवाओं को रोजगार देने के बदले और अधिक शराब दुकान खोलकर उन्हें शराबी बनाकर उनका भविष्य अंधकारमय बनाने की साज़िश रची जा रही है। इस सरकार में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हुए हैं। अगर सरकार सही समय में नहीं जागी तो वो दिन दूर जब शांतिप्रिय इस प्रदेश की पहचान यूपी और बिहार जैसे आपराधिक प्रदेशों की श्रेणी में होने लगेगी ।

### भुसरेंगा स्कूल में उल्लास महापरीक्षा हुई

**डांडेसरा(धमतरी)।** भुसरेंगा स्कूल में 23 मार्च को सुबह 9 बजे उल्लास महापरीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र में कुल 40 शिक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 9 पुरुष व 31 महिला थी। शिक्षार्थियों को दो कमरों में 20-20 की संख्या में बिठाया गया। उल्लास प्रभारी लोमश साहू, कुलेश्वर साहू एवं स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया। लोगों को जागरूक किया गया। पहली बार किसी परीक्षा में बैठने उनके मन में उत्साह, उमंग, खुशी देखने को मिला। इसमें सरपंच श्रीमती ललिता साहू का विशेष योगदान रहा।

विंध्यवासिनी मंदिर से निकली शोभायात्रा पांच घंटे में पहुंची पुरानी कृषि उपज मंडी

# कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

- कर्मा माता और भगवान जगन्नाथ की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

संत शिरोमणि एवं साहू समाज की आराध्या माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर मंगलवार को समाजजनों ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इसमें शहर के सभी 40 वार्ड के साहू समाज व आसपास के समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरु हुई जो रामबाग, गणेश चौक, कचहरीचौक, सदरबाजार, चमेली चौक, मठमंदिर चौक, गोलबाजार से घड़ी चौक पहुंची। जहां सर्वसमाज की उपस्थिति में माता कर्मा की महाआरती हुई। आरती के बाद प्रसादी वितरण हुआ। आतिशबाजी भी हुई। कर्मा माता के जयकारे लगाए। महाआरती के बाद शोभायात्रा घड़ी चौक से सिहावा चौक होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंची। यहां फिर समाजजनों ने मां कर्मा की आरती उतारी।









शोभायात्रा दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई जिसे पुरानी मंडी पहुंचने में 5 घंटे से अधिक का समय लगा। शहर के 40 वार्डों के समाजजनों ने कर्मा जयंती मनाकर आरती उतारी। जगह-जगह भंडारा हुआ। खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया। इससे पहले समाजजन एकलव्य खेल मैदान में एकत्रित हुए। इसके बाद मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की शुरुआत हुई। शोभायात्रा में मां कर्मा और भगवान जगन्नाथ की भव्य झांकी बनाई गई थी, जिसमें मां कर्मा, भगवान जगन्नाथ को अपने हाथों से खिचड़ी खिला रही थी। झांकी को रथ में सवार किया था, जिसे फूलों और रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया था। शोभायात्रा में धुमाल, डीजे की धुन में समाजजन थिरकते नजर आए। महिलाएं भजन कीर्तन कर रही थीं। युवा भगवा ध्वज लेकर देवी देवाताओं के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में पुरूष वर्ग व महिलाएं केसरिया, गेरूआ पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुए और समाज की एकता का परिचय दिया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने संबोधन में माता कर्मा को सर्व समाज के जनकल्याण कार्य के लिए एवं उनकी सेवा, त्याग, भक्ति को नमन किया। माता कर्मा से क्षेत्र में खुशहाली, सुख शांति, समृद्धि की कामना की। घड़ी चौक में समाजजनों ने महाआरती की। कार्यक्रम में शामिल महापौर रामू रोहरा, एमआईसी मेंबर हिमानी भागवत साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू का सम्मान किया। शोभायात्रा का शहरवासियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, विपिन साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, लेखराम साहू, अवनेंद्र साहू, यशवंत साहू, लीलाराम साहू, नरेंद्र साहू, गोपीकिशन साहू, पवन गजपाल, विरेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, डीपेंद्र साहू, पार्षद अखिलेश सोनकर, गजेंद्र कंवर, श्यामलाल नेताम, रोहित साहू, चंद्रभागा साहू, विजय गौतम साहू, डा.रामकुमार साहू, नर्मिल साहू, सेवक साहू, गीतेश्वर साहू, गिरीश, होरीलाल, ब्रजेश, भागेश हिरवानी, भोलाराम साहू, कमलेशकांत, प्रवीण साहू, किशनलाल साहू, भगवनी साहू, निर्मला, पुष्पलता, रमेश्वरी, भागवत साहू, देवेंद्र साहू, ललित, हेमलाल, प्रवीण, नंदु साहू, ईश्वर, नीलमणि, मदनलाल, पीतांबर, दिलेश, राजेंद्र, नारायण, अशोक, शिवजी, बंशीलाल, मुरारी, वेदप्रकाश, बलिराम, केआर बांगड़े, महेश, भूषण, हुमेंद्र, ललित, शरद साहू सहित हजारों समाजजन शोभायात्रा में शामिल हुए।

# संसद घेरने पहुंचे एनएसयूआई पदाधिकारी कार्यकर्ता गिरफ्तार लाठीचार्ज में घायल हुए कई छात्र नेता

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





देश में लागू नई शिक्षा नीति, यूजीसी ड्राफ्ट को वापस लेने, पेपर लीक और रोजगार जैसी मांग को लेकर एनएसयूआई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में संसद भवन का घेराव किया जिसमें एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए। घेराव में हिस्सा लेते हुए दिल्ली के रायसीना रोड के पास पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को हटाने लाठीचार्ज किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा सरकार की पुलिस ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटे आई है। एनएसयूआई शहर अध्यक्ष तेजप्रकाश साहू भी घायल हुए हैं और कई कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि भाजपा सरकार छात्रों की आवाज को दबाने पुलिसिया कार्रवाई व दमनकारी नीति अपना रही है पर एनएसयूआई इससे डरने वाली नहीं है। इस विरोध प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ यश दुबे, नमन बंजारे, अरविन्द यादव, लक्की निर्मलकर, तेजप्रकाश साहू, तामेश्वर भोयर, व्यंकट देवांगन, कृष्णा लहरे, रुस्तम कुर्रे, सौरभ पॉल, देवेंद्र सिन्हा, आदित्य बघेल, सुनील सिन्हा, लक्की साहू, योगेश नेताम, नोमेश्वर, गुंजन मरकाम ने गिरफ्तारी दी है।

## परसवानी में हुआ मानस शक्ति केंद्र खैरा का होली मिलन

**कुरूद।** मानस शक्ति केंद्र खैरा का होली मिलन कार्यक्रम ग्राम परसवानी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण के छाया चित्र में तिलक वंदन, माल्यार्पण कर किया गया। प्रमुख वक्ता मानस शक्ति केंद्र के उपाध्यक्ष हेमराज साहू, महेंद्र कुमार साहू, लोमेश साहू , जितेंद्र साहू, रिखीराम साहू ,श्रीकांत मिश्रा, हरिराम साहू, गुलापराम साहू, राधेश्याम साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य को बताते हुए कहा कि होली का पर्व सद्भावना, समता, प्रेम का प्रतीक है। इस अवसर पर होलिका दहन का विशेष महत्व है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## राष्ट्रीय कुश्ती में गोकुलपुर अखाड़ा के दो खिलाड़ी दिखायेंगे दांवपेंच



- भिलाई में छग अंडर 20 सीनियर बालक बालिका चयन कुश्ती प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ अंडर 20 सीनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता बीएसपी अखाड़ा भिलाई में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, भगवान, उस्ताद श्रवण यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला प्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी राजस्थान कोटा में 20 से 22 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी बालक 57 किलो ग्राम में कुणाल यादव गोल्ड मेडल, 86 किलो ग्राम मनीष यादव ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया एवं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया।

कोच राष्ट्रीय खिलाड़ी नुमेश यादव थे। एनआईएस कोच विजय कुमार यादव दोनों खिलाड़ी के साथ 18 अप्रेल को रवाना होंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जय अखाड़ा गोकुलपुर वार्ड के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, पूर्व वरिष्ठ खेल अधिकारी एआर थिटे, अध्यक्ष विजय यादव, कृष्ण साहू, सोहन यदु, अंकालु भोयर, मेघराज यदु, हरीश साहू, मनोज साहू, प्रभात भोयर, हरीश नेताम, लल्ला यदु, नरेन्द्र ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मां कर्मा की गौरवगाथा करोड़ों जनमानस के मन में समाहित है : ओंकार



- आमदी में नगर साहू समाज ने मनाई जयंती, अहाता निर्माण के लिये 10 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर पंचायत आमदी में नगर साहू समाज द्वारा आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। मातृशक्तियों द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। उन्होंने मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि मां कर्मा की गौरव गाथा पूरे देश के करोड़ों जनमानस के मन में समाहित है। मां कर्मा ने दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति व लगन से समाज में सहजतापूर्वक कार्य करके नारी शक्ति की गौरवशाली छाप छोड़ी है जिसकी बदौलत आज समाज उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। महिलाओं को समाज व राष्ट्र में समानता का अधिकार मिल रहा है। मां कर्मा ने सभी समाज के जरुरतमंद लोगों की सहायता की। इस दौरान विधायक ने नगर साहू समाज की मांग पर भवन में अहाता निर्माण के लिये 10 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, सुनीता साहू समाजसेविका, पूर्व नपं अध्यक्ष हेमंत माला साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष मनोज साहू, ज्ञानेश्वर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज, तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष आमदी, चंद्रशेखर साहू, भूषण साहू, नागेंद्र साहू, नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, कोमल यादव उपाध्यक्ष, पारसमणि साहू पार्षद, चितेंद्र साहू पार्षद, त्रिभुवन मटियारा, एमन साहू विधायक प्रतिनिधि, किरण साहू, कैलाश साहू, छब्लू साहू, सरिता साहू, संतोषी बाई साहू, जागेश्वर नेताम, उमानन्द कुम्भकार, हेमलाल साहू, गौतम साहू, दिनेश साहू, जागेश्वर साहू, चंद्रहास साहू उपस्थित थे।

## अवकाश के दिनों में भी खुला रहा टैक्स काउंटर, अधिकारी रहे तैनात



**धमतरी।** नगर निगम ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को कर्मा जयंती अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुले रखे। आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देशानुसार अवकाश के बावजूद राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी फील्ड में तैनात रहे, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर टैक्स जमा कर सकें। निगम ने शहरवासियों से अपील की कि वे शीघ्रता से अपनी संपत्ति एवं जल कर का भुगतान करें, जिससे नगर निगम की विकास योजनाओं को गति मिल सके। विशेष अभियान के तहत वसूली प्रक्रिया तेज की गई है और करदाताओं को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए अतिरिक्त काउंटर भी लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देना है, जिससे शहर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और सुधार किया जा सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून 25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
अब हर महीने के चौथे गुरुवार को धमतरी के श्री राम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
दिनांक : 27 मार्च 2025 | समय : शाम 3 बजे से 4 बजे तक
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिब्येंदु डे
वरिष्ठ सलाहकार - हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी
एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम (क्लिनिकल हेमेटोलॉजी)
100+ से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- खून की कमी
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसिमिया
- शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्राव
- बार-बार ब्लड आना
- शरीर में लाल दाने अथवा चकते आना
- बार-बार बुखार का आना
- रक्त संबंधित कैंसर आदि
- शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना
- लंबे समय तक न भरने वाला जख्म या छाला
- बिना प्रयास के वजन कम होना
- लगातार थकान व कमजोरी
यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
79879 05329, 91790 46330